हमारी सेवा में आपका स्वागत हैं

Kia Ora – Nisa bula vinaka – Fakalofa lahi atu – Talofa lava – Halo olaketa – Taloha ni – Malo e le lei – Kia Orana – 你好 – Xin Chao An-nyong Ha-Se-Yo – Sa-wat-dee – नमस्ते

हम ओटाहुहु, ओटरा, मंगेरि, और दक्षिणी पापाटोईटोई के १८ से ६४ वर्षीय गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीडित निवासियों के लिये, एक सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील, सुलभ और गुणवत्ता मानसिक स्वास्थ्य मूल्यांकन और उपचार सेवा को प्रदान करने का उद्देश्य रखते हैं।

यह सेवा वैटांगी संधि के साझेदारी, भागीदारी, और संरक्षण के सिद्धांतों पर टिकी हैं। यह सिद्धांत हमारी प्रदान की जाने वाली सेवाओं की योजना और वितरन की रूपरेखा हैं।

अगर अंग्रेज़ी आपकी दूसरी भाषा हैं और आपको एक दुभाषिए की ज़रूरत हो, तो कृपया आपकी पहली नियुक्ति से पहले हमे बतादे।

हमारी सेवा मुफ़्त में उपलब्ध हैं।

यह सेवा कैसे पा सकते हैं?

कोई भी सहायता के लिये इस सेवा से संपर्क कर सकते हैं।

हम चाहते हैं की आप अपने जी.पी की सिफारिश के साथ हमारी सेवा में आये, क्योंकि आपका जी.पी ही आपका मुख्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता हैं और वह आपकी आगे की देखभाल में शामिल रहेगा।

हमारे दल के बारे में

हम एक अनुभवी मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों का दल हैं जो गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीडित लोगों के साथ काम करने में कुशल हैं। कर्मचारियों के दल में निम्न शामिल हैं :

- *सामाजिक मानसिक स्वास्थ्य नर्स* (Community Mental Health Nurses)
- *मनोचिकित्सक* (Psychiatrists)
- *नैदानिक मनोविज्ञानी* (Clinical Psychologists)
- *सामजिक कार्यकर्ता* (Social Workers)
- *व्यावसायिक चिकित्सक* (Occupational Therapists)
- *कौमाटुआ/कुया* (Kaumatua / Kuia)

अगले कदम

आपकी सिफ़ारिश प्राप्त करने के बाद शायद हमे आपसे टेलीफोन द्वारा बात कर, आप जो कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं उनके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर, यह निर्णय लेना होगा कि क्या यह सेवा आपकी ज़रूरतों को पूरी करने में सर्व-श्रेष्ठ हैं। इसके बाद अगर ज़रूरत हो तो हम, हमारी दल के एक सदस्य के साथ आपकी बैठक का नियोजन करेंगे, जिससे आपके साथ मिलकर आपको किस तरह की मदद की ज़रूरत हैं यह समझ सकते हैं।

यह बैठक The Cottage *कम्युनिटि मेंटल हेल्थ सेंटर, आपके घर या कोई अन्य नियोजित बैठक स्थान पर हो सकती हैं।*

कुछ लोगों को केवल एक या दो नियुक्तियों की ज़रूरत होगी जिसके बाद हम आपके जी. पी (GP) *को सलाह देंगे जो आपके चिरकालिक इलाज के लिये ज़िम्मेदार होगा।*

जिन लोगों को The Cottage *से लंबी अवधि सेवाओं की आवश्यकता हैं उनके इलाज में कुछ, या सभी निम्न शामिल हो सकते हैं* :

- *मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और उपचार के विकल्प के बारे में जानकारी एवम शिक्षा*
- *मनोवैज्ञानिक चिकित्सा*
- *दवा पर्चे और / या समीक्षा*
- *अन्य सेवाओं के लिये सिफ़ारिश* (referral)

हम आपके इलाज के वितरन और योजना में (आपकी सहमति के साथ) आपके परिवार / विस्तारित परिवार या अन्य सहायता के लोगों की भागीदारी का स्वागत और प्रोत्साहन करते हैं।

आपके इलाज के बारे में जानकारी आपकी जी. पी को पहुंचाई जायेगी। अगर आपको इस बारे में कोई चिंता हो तो हमारे कर्मचारियों से संपर्क करे।

आपके अधिकार

जब आप स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करते हो तो आप अनेक अधिकारों के द्वारा सुरक्षा पाते हो। इन अधिकारों कि व्याख्या " द कोड अफ हेल्थ ऐन्ड डिसबिलिटी सर्विसिज़ कन्सूमर्स राइट्स " (The Code of Health and Disability Services Consumers' Rights) *में उपलब्ध हैं जो, न्यु ज़ीलेंड के सारे स्वस्थ्य और विकलांग समर्थन सेवाओं पर लागू होता हैं।*

इन आधिकारों में शामिल हैं (लेकिन सीमित नहीं हैं) :

- *सम्मान और गुप्तता*
- *गोपनीयता*
- *निष्पक्ष इलाज*
- *आपके विश्वासों और व्यवहारों की स्वीकृति*
- *गरिमा और स्वतंत्रता*
- *आपको प्राप्त होने वाले उपचार में विकल्प करने के लिये जानकारी*
- *आपके सवालों के जवाब पाना*
- *शिक्षण और अनुसंधान में भाग लेने के बारे में विकल्प*
- *आपकी शिकायतों के बारे में गंभीरता से विचर करना*

अगर आपको लगता हैं की हमने आपके अधिकारों का सम्मान नहीं किया हैं तो आप अपनी चिंता या शिकायत सेवा दल के नेता तक पहुंचा सकते हैं या निम्नलिखित को शिकायत कर सकते हैं :

- **Health and Disability Commissioner**
  Telephone *०९ ३७३ ३५५६* **(09 373 3556)**
  या ०८०० ११ २२ ३३ **(0800 1122 33)**

- **Privacy Commissioner**
  Telephone *०९ ३०२ ८६५५ (09 302 8655)*
  या ०८०० ८० ३९ ०९ (0800 80 39 09)

स्थान



The Cottage*कम्युनिटि मेंटल हेल्थ सेंटर तक सार्वजनिक परिवहन सेवा से पहुँचा जा सकता हैं। कृपया मेक्स* (Maxx)*से ०९ ३६६ ६४०० पर सम्पर्क कीजिए, स्थानीय क्षेत्र से बाहर के लोग कृपया ०८०० १० ३० ८० पर फोन करे या* www.maxx.co.nz website (*वेब सायीट*) *से बस मार्ग के विवरन प्राप्त करे।*

ईमारत के सामने पार्किंग उपलबध हैं।

सेवा के घंटे

The Cottage*कम्युनिटि मेंट्ल हेल्थ सेंटर सोमवार से शुक्रवार सुबह के ८ बजे से शाम के ५ बजे तक खुला रहता हैं।*

इन घंटों के अलावा The Cottage *को किये गये फोन काल एक आफ़्टर अवर्स क्लिनिशियन* (After-hours Clinician) *को जोडे जाएंगे, जो आपका, ज़रूरत पडने पर संकट कर्मचारियों* (Crisis staff) *से संपर्क कराएंगे।*

Pamphlet Name	MH The Cottage	Version	Hindi
Department	Mental Health	Last Updated	June 2011
Document Owner	Asian Service Development Coordinator	Next Review Due	June 2013
Approved By	Mental Health Coordinator	Date First Issued	June 2011

COUNTIES MANUKAU DISTRICT HEALTH BOARD
A Community Partnership

The Cottage
कम्युनिटि मेंटल हेल्थ सेंटर

गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित वयस्कों को विस्तृत मूल्यांकन और इलाज प्रदान करना

24 Station Road
P O Box 22 328
Otahuhu
Auckland

फोन 09 270 9090

फेक्स 09 270 9095

हमारी सेवा के बारे में जानकारी |